एसीबी ने भीलवाडा में डा. को 2000रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर. 21 अप्रेल । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भिलवाडा की टीम ने डा. अनसर खान को 2000 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री सचिन मित्तल ने बताया कि परिवादी श्री सिंधी ने एसीबी कार्यलय में यह शिकायत दी थी कि डा. अनसर खान मेरी पत्नी इलाज व डिलेवरी के लिए 2000 रूपये की मांग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भीलवाडा की टीम द्वारा उक्त मांग का सत्यापन कर आज डा. अनसर खान को 2000 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है।